# संकल्प सिद्धि

## ई-बुलेटिन (अर्द्धवार्षिक)

अंक : द्वितीय (जुलाई-दिसम्बर 2021)



## शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

माधवपुरम, मेरठ (उ०प्र०)

'नैक' द्वारा 'बी+' ग्रेड प्रमाणित

# प्राचार्य संदेश



शिक्षा समाज का दर्पण होती है किसी भी समाज व राष्ट्र की प्रगति का मूल मंत्र वहां की शिक्षा व्यवस्था में निहित है । भारत सदियों पहले विश्व गुरु था और इसके मूल में इसकी शिक्षा व्यवस्था ही थी । अब 21वीं सदी में देश को एक बार फिर विश्व गुरु बनाने के संकल्प में हमारी शिक्षा व्यवस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है । नई शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य भारत में प्रदान की जाने वाली शिक्षा को वैश्विक स्तर पर लाकर राष्ट्र को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है । महाविद्यालय में सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रवेश, पाठ्यक्रम एवं परीक्षाओं का संचालन वर्तमान सत्र से आरंभ कर दिया गया है । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय पांच कौशल विकास पाठ्यक्रम भी संचालित कर रहा है, जो कि महाविद्यालय प्राध्यापकों द्वारा ही विकसित किये गये हैं । नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षकों के भागीरथ प्रयास हेतु उन्हें बधाई प्रेषित करती हूँ । मुझे विश्वास है कि नई शिक्षा नीति में निहित उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए छात्राएं स्वावलंबी बन आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेंगी । मैं ई-बुलेटिन संकल्प सिद्धि के द्वितीय अंक के प्रकाशन हेतु मुख्य संपादक डॉ० गीता चौधरी एवं संपादक मंडल के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ ।

प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह

# संपादिका की कलम से...



कोरोना महामारी के कारण बीते दो साल शिक्षा पर स्वास्थ्य की चिंता भारी पड़ी है । यद्यपि इस महामारी काल में महाविद्यालय ने शिक्षा एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों का संचालन ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से कर चुनौतियों को अवसर में बदलने का भरपूर प्रयास किया है । 2021-22 सत्र के आगमन के साथ एवं नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से नई आशाओं के कपोल फूटने लगे हैं । इस आशा के साथ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी हित धारकों को असीम शुभकामनाएं, कि नई शिक्षा नीति में निहित शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और अनुसंधान एवं भारतीय शिक्षा प्रणाली की वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने, 21वीं सदी के कौशल विकास, अनुभव आधारित शिक्षण और तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करने, तकनीकी शिक्षा भाषाई बाधाओं को दूर करने एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा को सुगम बनाने जैसे उद्देश्य एवं संकल्पों को प्राप्त कर सकेंगे । संकल्प सिद्धि के द्वितीय अंक के प्रकाशन हेतु महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं कुशल निर्देशन हेतु हार्दिक आभार ।

डॉ० गीता चौधरी (मुख्य सम्पादक)



"उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत" अर्थात् उठो जागो और उद्देश्य की प्राप्ति तक रूको मत- स्वामी विवेकानंद के कथन को चरितार्थ करते हुए छात्राएं अपने उद्देश्य एवं संकल्प को प्राप्त करें । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई ।

डॉ० ज्योति चौधरी (सह-सम्पादक)



आज़ादी के अमृत महोत्सव के इंद्रधनुषी रंगों से रंगा शिक्षा एवं शिक्षण शिक्षार्थियों को राष्ट्र एवं समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक बनाएगा । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई ।

डॉ० अमर ज्योति (सह-सम्पादक)



कर्म के बिना ज्ञान का कोई अर्थ नहीं है। ज्ञान को उद्यम से जोड़ने हेतु नई शिक्षा नीति में निहित कौशल विकास की असीम संभावनाएं साकार हो, आशाओं के साथ अनंत शुभकामनाएं ।


डॉ० राकेश कुमार (सह-सम्पादक)



वर्तमान डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान के साथ छात्राएं वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना कर पाएगी । आशा है यह स्वावलंबन की ज्योति का प्रकाश चहुँ ओर फैलेगा । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ संकल्प सिद्धि के प्रकाशन की हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूँ ।

डॉ० वैभव शर्मा (सह-सम्पादक)

## आई०क्यू०ए०सी०: संकल्प शिक्षा, शिक्षण एवं शोध में गुणवत्ता का...



महाविद्यालय की महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई, आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ, शिक्षा, शिक्षण अधिगम एवं मूल्यांकन में गुणवत्ता निश्चयन हेतु संकल्पित है । इस हेतु दिनांक 15.12.2021 को प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक डॉ० लता कुमार के निर्देशन में ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया । प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक में शिक्षा, शोध के विभिन्न आयामों पर चर्चा के सारगर्भित परिणामों से आगामी गतिविधियों को सार्थक दिशा मिलेगी । वाह्य सदस्य प्रो० वीरपाल सिंह, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, डॉ० अरुण सक्सेना, सेवानिवृत विभागाध्यक्ष- जंतुविज्ञान विभाग, रजा राजकीय महाविद्यालय रामपुर, डॉ० अनुभूति चौहान, श्री प्रितीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब, श्री कुलदीप शर्मा और डॉ० हिमानी अग्रवाल की उपस्थिति में नैक मूल्यांकन के सन्दर्भ में चर्चा का विषय रहा कि महाविद्यालय अपने सीमित संसाधनों में कैसे सीजीपीए को बढ़ा सकता है ? उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सत्र में संपन्न हुए कार्यक्रमों के साथ साथ आगामी कार्यक्रमों पर भी विचार विमर्श किया गया । बैठक में अभिभावकों, पुरातन छात्राओं एवं वर्तमान छात्राओं ने भी अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए । बैठक में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थिति रहे।

## कोविड-19 जागरूकता : संकल्प सावधानी का...



महाविद्यालय कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न कठिनाइयों का सामना करने एवं चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है, इस हेतु महाविद्यालय में शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों का आयोजन शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप किया गया । महाविद्यालय में कोविड संक्रमण की रोकथाम हेतु समय-समय पर महाविद्यालय परिसर व विभागों की विसंक्रमण की प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया । परीक्षाओं के दौरान भी परीक्षा कक्षों तथा मुख्य भवन में विसंक्रमण कराया गया । महाविद्यालय में कोविड संक्रमण तथा वैक्सीनेशन की स्थिति से संबंधित सूचनाएं समयान्तर्गत शासन, जिला प्रशासन तथा विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई गई । महाविद्यालय कोविड 19 समिति ने दिनांक 21.12.2021 से 23.12.2021 तक महाविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के लिए कोविड-19 स्क्रीनिंग टेस्ट का भी आयोजन किया गया । महाविद्यालय में प्राचार्य महोदय के आदेशानुसार कोविड समिति ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोविड स्वास्थ्य कैंप लगवाएं, जिसमें कई बार समस्त स्टॉफ व छात्राओं का कोविड-19 एंटीजन व आरटी-पीसीआर टेस्ट कराया गया । स्वास्थ्य विभाग द्वारा महाविद्यालय में कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर भी बनाया गया । उपरोक्त कार्य कोविड समिति प्रभारी डॉ० मंजू रानी के निर्देशन एवं समिति सदस्य डॉ० पारुल मलिक, डॉ० आशीष पाठक तथा डॉ० सोशल के सहयोग से कराये गये ।

## चौरी-चौरा महोत्सव

चौरी चौरा जनआंदोलन के 100 साल पूरे होने के अवसर पर यू०पी० सरकार ने जन आंदोलनकारियों की स्मृति में शताब्दी वर्ष मनाने की घोषणा की । चौरी चौरा महोत्सव" कार्यक्रम की संयोजिका डॉ० अनीता गोस्वामी के निर्देशन में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये । जिसके अंतर्गत दिनांक 25.08.2021 को चित्रकला विभाग द्वारा "आजादी के लिए बलिदान एवं दांडी मार्च" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक रंगों का प्रयोग करते हुए आजादी के लिए किए गए संघर्ष को अपनी भावनाओं के अनुरूप तूलिका व रंगों से सजीव चित्रण किया । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराने से छात्राओं की प्रतिभा का विकास होता है ।



## गांधी जयन्ती



दिनांक 02.10.2021 महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने ध्वजारोहण एवं दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण के पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने दोनों महापुरुषों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता हमेशा बनी रहेगी । आज हमारे देश के विकास की बहुत सारी योजनाएं गांधी जी के आदर्शों स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, कौशल विकास इत्यादि पर ही चलाई जा रही हैं । शास्त्री जी को प्राचार्य महोदया ने सादगी एवं दृढ़ निश्चय की प्रतिमूर्ति बताया । अंत में श्री रामधुन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । तत्पश्चात वृक्षारोपण एवं श्रमदान एन०सी०सी० एवं एन०एस०एस० के सहयोग से किया गया । इसी अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत, डॉ० अनीता गोस्वामी के संयोजन में आत्मनिर्भरता व स्वावलंबन विषय पर, एन०सी०सी०, एन०एस०एस०, रेंजर्स, बी०एड०, गृहविज्ञान व चित्रकला विभाग द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं का स्टाल लगाया गया ।

**थोड़ा सा अभ्यास बहुत सारे उपदेशों से बेहतर है । -महात्मा गांधी**

## सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती

दिनांक 29.10.2021 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं डॉ० अनीता गोस्वामी के निर्देशन में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती के उपलक्ष में विषय "स्वतंत्र भारत में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान" पर प्रश्नोत्तरी व विषय "लौह पुरुष के योगदान को इतिहास ने उचित स्थान नहीं दिया" पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

## आजादी का अमृत महोत्सव



शासन के निर्देशानुसार आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरठ क्रांति पर्व का आयोजन अत्यंत धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं डॉ० अनीता गोस्वामी के निर्देशन में दिनांक 01.10.2021 को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत फिट इंडिया फ्रीडम रन, 2.0 का आयोजन किया गया । इसी क्रम में दिनांक 17.12.2021 को महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं द्वारा उत्साह के साथ वंदेमातरम् का गायन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने डी० एन० इण्टर कॉलेज में मंडल स्तरीय 1857 की क्रांति से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर माननीय DIOS श्री गिरिजेश कुमार जी तथा संयुक्त शिक्षा निदेशक मेरठ मंडल श्री ओमकार मिश्र एवं केंद्रीय मत्स्य पालन मंत्री डॉ० संजीव बालियान जी ने छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । इतिहास विभाग की छात्राओ ने राजकीय संग्रहालय मेरठ के दर्शन कर आज़ादी के स्वतंत्रता संग्राम के विषय में अधिकाधिक जानकारी प्राप्त की । इस अवसर पर सह संयोजक डॉ० राजकुमार सिंह एवं डॉ० जितेंद्र बालियान उपस्थित रहे ।

## शिक्षक सम्मान समारोह

दिनांक 05.09.2021 को 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर प्राचार्य प्रो० अंजू सिंह के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ० लता कुमार, डॉ० अनीता गोस्वामी, डॉ०, सत्यपाल सिंह राणा, डॉ० सुधा रानी सिंह, डॉ० राकेश कुमार, डॉ० कुमकुम, डॉ० गौरी एवं डॉ० विकास कुमार को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया ।



## राष्ट्रीय सेवा योजना : सामाजिक सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प




छात्राओं के व्यक्तित्व विकास समाज एवं राष्ट्र के प्रति उनका उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयां संचालित है । राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांत "वाक्य मुझको नहीं तुमको" मैं निहित भावों को छात्रओं में अंकुरित करने हेतु, प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण, डॉ० स्वर्ण लता कदम, कार्यक्रम अधिकारी, प्रथम इकाई एवं डॉ० पूनम भंडारी, कार्यक्रम अधिकारी, द्वितीय इकाई के नेतृत्व में महाविद्यालय में स्वयं सेविकाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियां कराई गईं । दिनांक 24.09.2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना का 72 वां स्थापना दिवस उल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं द्वारा भारत की महान नेत्रियों का चरित्र चित्रण भमिका निर्वहन के द्वारा किया गया । दिनांक 19.11.2021 से दिनांक 25.11.2021 तक साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं को एक दूसरे से जोड़ने , सामाजिक सौहार्द व सद्भाव की भावना को विकसित करने हेतु ऑनलाइन विभिन्न गतिविधियों जैसे निबंध, रंगोली, स्लोगन, स्वरचित कविता, पोस्टर, ग्रीटिंग कार्ड एवं आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 03.12.2021 को न्यूट्रिमा हॉस्पिटल मेरठ की ओर से रक्तदान, रक्त समूह जांच शिविर का आयोजन किया गया । दिनांक 17.11.2021 को प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया गया, जिसमें स्वयं सेविकाओं द्वारा श्रमदान किया गया ।




**उस शिक्षा का क्या मूल्य है जो हमारे अंदर गलत को सही करने का जुनून और निडरता ना पैदा कर सके । —किरण बेदी**

## सप्त दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम



इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 11.08.2021 से दिनांक 18.08.2021 तक विषय 'कल्चर एंड हेरिटेज' पर सप्त दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें विद्वान पुरातत्वविद् एवं इतिहासकारों द्वारा विषय से सम्बंधित विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला गया । संगीत विभाग द्वारा दिनांक 13.08.2021 से दिनांक 20.08.2021 तक सात दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत समस्त छात्राओं को लोकगीत से संबंधित सभी गायन शैलियां जैसे ब्रज की होरी रसिया, हिंडोला, मिर्जापुर की कजरी, देश भक्ति कजरी, चैती, बारह मासा, मल्हार, राजस्थान के घूमर प्रकार की झुमरिया लूर और घूमर के बारे में जानकारी दी गई । चित्रकला विभाग द्वारा दिनांक 23.08.2021 से दिनांक 29.08.2021 तक "एक सप्ताह का ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम" आयोजित किया, जिसमें महाविद्यालय की निवर्तमान व पुरातन कुल 28 छात्राओं ने प्रतिभाग किया । इस कार्यक्रम में छात्राओं को लोक कला, बाल कला, शिल्प कला, बाटिक कला, क्ले मॉडलिंग, टाई एंड डाई, तथा स्थापत्य कला की आधारभूत जानकारियाँ दी गई ।



## सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ



दिनांक 26.08.2021 को महाविद्यालय के सूचना एवम् रोजगार प्रकोष्ठ, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ एवं अमात्य इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में "सिविल सेवा में कैसे बनाएं करियर" विषय पर एक कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें अमात्य इंस्टीटयूट की डायरेक्टर श्रीमती रितु ने भारतीय सिविल सेवा में सफलता हेतु प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला । दिनांक 28.09.2021 को "पर्सनैलिटी डेवलपमेंट" विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एरिया मैनेजर शिवांगी त्रिपाठी ने छात्राओं को सेल्फ कॉन्फिडेंस तथा सेल्फ डेवलपमेंट के विषय में बताया । दिनांक 8.10.2021 को श्रीमति कमला देवी विद्यापीठ, के सौजन्य से महाविद्यालय की स्नातक व परास्नातक में अध्ययनरत छात्राओं हेतु तीन दिवसीय करियर परामर्श बूथ स्थापित किया गया, जिसमें छात्राओं को बी० एड० व बी० टी०सी० में आवेदन व प्रवेश परीक्षा हेतु आवश्यक सूचना व परामर्श प्रदान किया गया । सभी कार्यक्रमों का संचालन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं रोजगार प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ० भारती दीक्षित व सह संयोजक डॉ० अमर ज्योति के निर्देशन में हुआ ।



## सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचित सहभागिता (स्वीप)



माह नवंबर एवं दिसंबर 2021 में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचित सहभागिता (स्वीप) के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, नाटक, सेंड आर्ट प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, रैली, मैराथन दौड़, हस्ताक्षर अभियान, प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण समारोह, जैसे अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए । स्वीप के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं व उनके माध्यम से उनके परिवारजनों को मतदान की महत्ता के विषय में जागरूक करते हुए यह बताया गया कि मतदान हमारा अधिकार होने के साथ-साथ महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। समय-समय पर इन कार्यक्रमों में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह व स्वीप नोडल अधिकारी डॉ० मुनेश कुमार के द्वारा छात्राओ से मतदान की अपील भी की गई । सह नोडल अधिकारी डॉ० उषा साहनी, डॉ० पूनम भंडारी, तथा सदस्य डॉ० आशीष पाठक एवं डॉ० डेजी वर्मा की स्वीप के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

**हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र बने, मानसिक विकास हो, बुद्दि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके । -स्वामी विवेकानंद**

## महिला प्रकोष्ठ : लैंगिक समानता की ओर बढ़ते कदम



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है । जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों को शिक्षा एवं शिक्षण हेतु सम्मानजनक एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करना एवं छात्राओं के संपूर्ण विकास हेतु शैक्षणिक, तकनीकी, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक और अन्य संबंधी मुद्दों पर कार्यक्रम का आयोजन करना है साथ ही प्रकोष्ठ किसी भी प्रकार की शिकायत एवं समस्या के निवारण हेतु संकल्पित है । प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण में वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ० ममता सागर के द्वारा कराया गया । दिनांक 26.08.2021 को 'महिला समानता दिवस' के अवसर पर आशुभाषण प्रतियोगिता जिसका शीर्षक "महिला समानता", दिनांक 24.09.2021 को एक "लोगो प्रतियोगिता एवं दिनांक 18.12. 2021 को "महिला सशक्तिकरण और समाज" विषय पर आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

## नेशनल कैडेट कोर (एन०सी०सी०)



छात्राओं में अनुशासन, एकता, नेतृत्व और सेवा भाव का संचार करने, सशस्त्र सेना में कैरियर बनाने के लिए छात्राओं को प्रेरित करने तथा आरंभिक प्रशिक्षण के उद्देश्य से महाविद्यालय में एन०सी०सी० इकाई डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में संचालित है । इकाई द्वारा नियमित प्रशिक्षण एवं परीक्षा के अतिरिक्त विविध राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकारों में सहभागिता हेतु विभिन्न आयोजन और कार्यक्रम किये गये । दिनांक 26.07.2021 को ऑनलाइन गतिविधियों के माध्यम से कारगिल शहीद स्मृति दिवस का आयोजन किया गया । दिनांक 15.08.2021 को आजादी के नायकों पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी, श्रमदान और वृक्षारोपण का आयोजन किया गया । दिनांक .29.09.2021 को सर्जिकल स्ट्राइक दिवस का स्मरण करते हुए कैडेट्स ने कविता और भाषण द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि दी । दिनांक 23.10.2021 को एन० सी० सी० कैडेट्स ने 22 यूपी गर्ल्स बटालियन एन० सी० सी० मेरठ के ऑफिस के मोटिवेशन हॉल में पिछले सत्र में मिशन शक्ति अभियान, कोरोना जागरूकता, स्वच्छता अभियान सहित अनेक आयोजनों में महाविद्यालय स्तर पर चुने गए श्रेष्ठ पोस्टर, स्लोगन और शुभकामना पत्र चस्पा किए । दिनांक 25.11.2021 को नशा मुक्ति हेतु रैली, दिनांक 27.11.2021 को कैडेट्स को बालिका संरक्षण की शपथ का आयोजन किया गया । महाविद्यालय एन० सी० सी० इकाई के 28 कैडेट्स ने महाविद्यालय एन० सी० सी० अधिकारी लेफ्टि० डॉ० लता कुमार के साथ दिनांक 28.11.2021 से दिनांक 04.12.2021 तक गंगानगर में आयोजित 22 यू० पी० गर्ल्स बटालियन मेरठ द्वारा आयोजित 07 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग किया और विभिन्न गतिविधियों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया । जिसमें महाविद्यालय टीम ने टग ऑफ वार प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।



## इको रेस्टोरेशन क्लब : पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

'वृक्षारोपण जन आंदोलन' के अंतर्गत महाविद्यालय में दिनांक 01.07.2021 से दिनांक 07.07.2021 तक वृक्षारोपण किया गया । दिनांक 03.07.2021 जुलाई को डॉ० राजीव कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ-सहारनपुर मंडल, प्राचार्य के संरक्षण, डॉ० लता कुमार एवं डॉ० सत्यपाल सिंह राणा के निर्देशन में महाविद्यालय परिसर एवं आस पास के क्षेत्रों में अमरूद, आँवला, शीशम, सागौन, आम, बोटलब्रश, नीम, कनेर, अर्जुन, जामुन के पौधे लगाये गये । इस अभियान में डॉ० मोनिका चौधरी, डॉ० सुधा रानी सिंह, डॉ० स्वर्ण लता कदम, डॉ० वैभव शर्मा, डॉ० अमित कुमार, डॉ० कुमकुम, डॉ० अमर ज्योति, डॉ० पारुल मलिक, डॉ० नरेन्द्र कुमार डॉ० ज्योति चौधरी, डॉ० राजीव कुमार एवं डॉ० डेज़ी वर्मा का सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय गणित दिवस



दिनांक 22.12.2021 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० अमित कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया । इस अवसर पर डॉ० सोशल ने "रामानुजन द्वारा गणित के क्षेत्र में किए गए योगदान" विषय पर एक व्याख्यान एवं डॉ० शरद पंवार ने क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

**जो पुस्तकें हमें सोचने के लिए विवश करती हैं वह हमारी सबसे अच्छी सहायक है । -जवाहरलाल नेहरू**

## मिशन शक्ति अभियान : संकल्प शक्ति अर्जन का...



उत्तर प्रदेश शासन के अति महत्वपूर्ण अभियान मिशन शक्ति के तृतीय चरण की शुरुआत दिनांक 21.08.2021 को की गई, जिसके अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा ,सम्मान एवं स्वालंबन के क्रम में बालिकाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा जागरूकता हेतु, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के निर्देशन व मिशन शक्ति प्रभारी डॉ० लता कुमार के संयोजन में अगस्त माह में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिवार हेतु "रन फॉर फिटनेस" मैराथन रेस का आयोजन किया गया सितम्बर माह में "मिशन शक्ति से महिला सशक्तिकरण" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं "उद्यमिता से स्वालंबन" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसी क्रम में अक्टूबर माह में "स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्वावलंबन" विषय पर व्याख्यान, डॉ० कुमकुम के संयोजन में लैंगिक समानता पर संदेश देती 10 मीटर लंबी पेंटिंग का निर्माण, डॉ० पूनम भंडारी के निर्देशन में छात्राओं हेतु योग सत्र का आयोजन, डॉ० भावना सिंह के संयोजन में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" विषय पर ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता एवं डॉ० सत्यपाल सिंह राणा के संयोजन में "फिजिकल फिटनेस विद म्यूजिक एंड डांस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया । डॉ० लता कुमार द्वारा नवम्बर माह में "स्वावलम्बन से सशक्तिकरण" विषय पर "रंगोली प्रतियोगिता", का आयोजन एवं बालिका संरक्षण की शपथ दिलवाई गई । दिसम्बर माह में समाजशास्त्र विभाग द्वारा, "महिला सशक्तिकरण में मानवाधिकारों की भूमिका" विषय पर निबंध प्रतियोगिता व राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा "महिला अधिकार : जागरूकता एवं सशक्तिकरण" विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । डॉ० लता कुमार के द्वारा समस्त प्राध्यापकों एवं छात्राओं को महिला सुरक्षा की शपथ दिलाई गई । डॉ० विकास कुमार के संयोजन में "महिला सुरक्षा, हमारा प्रयास" विषय पर एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ता के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता नीरा शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहीं । मिशन शक्ति, तृतीय चरण के अंतिम दिवस में समापन समारोह के रूप में एक ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि के रुप में माननीय श्रीमती राखी त्यागी, सदस्य, राज्य महिला आयोग व मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर आभा चौहान, अध्यक्ष, भारतीय समाजशास्त्रीय परिषद् रहीं । कार्यक्रम का उद्देश्य मिशन शक्ति तृतीय चरण के आयोजनों का मूल्यांकन करना रहा ।

## अनुस्थापन कार्यक्रम



दिनांक 05.12.2021 को महाविद्यालय प्राचार्य की अध्यक्षता एवं मुख्य शास्ता डॉ० लता कुमार के निर्देशन में नव प्रवेशित छात्राओं हेतु अनुस्थापन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं को अनुशासन सम्बन्धी नियमों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई । इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में चलाई जा रही विभिन्न एजेंसियों, प्रकोष्ठों एवं योजनाओं के बारे में सम्बन्धित प्रभारियों द्वारा जानकारी प्रदान की गई ।

## गंगा सरक्षण अभियान

निर्मल गंगा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण तथा डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में दिनांक 22.11.2021 को 'गंगा संरक्षण हमारा दायित्व' विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता एवं दिनांक 23.12.2021 को एन० सी० सी० इकाई द्वारा "रन फ़ॉर गंगा" का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की एन० सी० सी० कैडेट्स ने पूर्ण उत्साह व जोश के साथ दौड़ लगाई ।

## बालिका हेल्थ क्लब



शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में दिनांक 01.08.2021 को मिशन शक्ति के अन्तर्गत बालिका स्वास्थ्य क्लब का गठन किया गया । बालिका हेल्थ क्लब ने महाविद्यालय में छात्राओं के कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया, जैसे रन फॉर फिट, स्वास्थ्य परीक्षण, योग, एरोबिक, आदि । बालिका स्वास्थ्य क्लब की सभी गतिविधियों के आयोजन क्लब प्रभारी डॉ० मंजू रानी के निर्देशन में किया गया जिसमें क्लब के सभी सदस्यों का सहयोग रहा ।



**देश का सबसे अच्छा दिमाग क्लास रूम की आखिरी बेंचों पर मिल सकता है । -डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम**

## स्वतंत्रता दिवस समारोह



दिनांक 15.08.2021 को महाविद्यालय में राष्ट्र का 75 वा दिवस समारोह 'आजादी के अमृत महोत्सव' के रुप में पूर्ण उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया । समारोहिका डॉ० लता कुमार के द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश के संदेश का वाचन किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में महाविद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति के रंगों से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए । प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए एवं सम्पूर्ण विकास के लिए हर एक नागरिक को व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने होंगे तभी स्वतंत्रता सार्थक सिद्ध होगी ।

## क्रांति रेंजर्स टीम





युवाओं में अनुशासन राष्ट्रभक्ति एवं समाज सेवा के उच्च आदर्शों का भाव पैदा करने के लिए उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड मेरठ के तत्वावधान में महाविद्यालय में रेंजर्स गतिविधियों के लिए सन 2003 से क्रांति टीम पंजीकृत है । अपने नाम के ही अनुरूप महाविद्यालय की रेंजर्स टीम क्रांतिकारी रूप से रेंजर्स के आदर्श वाक्य सेवा करो के लिए सदैव तत्पर रहती है । दिनांक 15.08.2021 को महाविद्यालय में राष्ट्र के 75 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में रेंजर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी तथा श्रमदान करके महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई का कार्य किया । दिनांक 02.10.2021 को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में महाविद्यालय प्रांगण में रेंजर्स के द्वारा श्रमदान एवं वृक्षारोपण किया गया । राष्ट्रीय स्तर पर संचालित आजादी का अमृत महोत्सव के दृष्टिगत स्वनिर्मित व हस्त निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी 'आत्म-निर्भरता से स्वाबलंबन' में रेंजर्स के द्वारा हस्तनिर्मित स्वनिम्ति वस्तुओं का आकर्षक स्टॉल लगाया गया । महाविद्यालय की 8 रेंजर्स ने दिनांक 28.10.2021 से 01.11.2021 तक की अवधि में आयोजित होने वाले पंचदिवसीय प्रादेशिक निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागिता की ।

## कन्या सुमंगला योजना

महाविद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से अधिकाधिक बालिकाओं को जोड़ने और लाभान्वित कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह द्वारा डॉ० लता कुमार एवं डॉ० मंजू रानी के संयोजन में एक समिति का गठन किया गया है । समिति द्वारा निरंतर छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभ तथा उसके लिए आवेदन करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई । दिनांक 22.07.2021 से दिसम्बर 2021 योजना की पात्र और इच्छुक 40 छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन कर समिति को सूचित किया है ।

## सडक सुरक्षा सप्ताह



महाविद्यालय, में प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाए जाने के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने हेतु प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण तथा डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में दिनांक 02.07.2021 को 'सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा' विषय पर ऑनलाइन नारा लेखन प्रतियोगिता, दिनांक 29.09.2021 को डॉ० ज्योति चौधरी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद के अंतर्गत सड़क सुरक्षा विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । नवंबर माह में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत डॉ० लता कुमार और डॉ० ज्योति चौधरी के नेतृत्व में शपथ ग्रहण, कविता प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।



**शिक्षा का कार्य गहराई से और गंभीर रूप से सोचना सीखना है । बुद्धिमता के साथ चरित्र यही सच्ची शिक्षा का लक्ष्य है ।-मार्टिन लूथर किंग जूनियर**

## भू-जल संरक्षण

जल संकट से निपटने और जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता हेतु शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में भूजल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । दिनांक 22.07.2021 व दिनांक 23.07.2021 को प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवम् डॉ० मंजू रानी के निर्देशन में ऑनलाइन शपथ कार्यक्रम, दिनांक 26 जुलाई 2021 को डॉ० अनुजा गर्ग के निर्देशन में 'भूजल संरक्षण की आवश्यकता' विषय पर ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता, दिनांक 27.07.2021 को डॉ० लता कुमार के निर्देशन में 'भूजल संरक्षण की आवश्यकता और महत्व' विषय पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता एवं दिनांक 28.07.2021 को डॉ० स्वर्ण लता कदम के निर्देशन में भूजल संरक्षण विषय पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई ।



## अर्धवार्षिक ई-बुलेटिन 'संकल्प सिद्धि' का विमोचन




दिनांक 20.11.2021 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने अर्धवार्षिक ई-बुलेटिन "संकल्प सिद्धि" का विमोचन किया । प्राचार्य ने ई-बुलेटिन "संकल्प सिद्धि" के प्रथम अंक के सार्थक एवं सतत प्रकाशन हेतु मुख्य संपादक डॉ० गीता चौधरी एवं संपादक मंडल के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर डॉ० गीता चौधरी, मुख्य संपादक ने बताया कि बुलेटिन का नाम सरकारी योजना "संकल्प से सिद्धि" से प्रेरित है जो कि छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से संबंधित संकल्पों एवं सशक्त महिला, सशक्त समाज एवं सशक्त राष्ट्र-निर्माण की सिद्धि को उजागर करता है । डॉ० गीता चौधरी ने संपादक मंडल के सभी सदस्यों डॉ० ज्योति चौधरी, डॉ० अमर ज्योति, डॉ० राकेश कुमार, डॉ० वैभव शर्मा को उनके सहयोग, सुझावों एवं सकारात्मक सक्रियता हेतु आभार व्यक्त किया ।


शहीद मंगल पांडे महाविद्यालय में हुआ

ई बुलेटिन संकल्प सिद्धि का शुभारंभ

प्राचार्य डॉ अंजू सिंह ने किया विमोचन

## इंस्टिट्यूट ऑफ इनोवेशन काउंसिल (आई० आई० सी०)



भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा सर्वप्रथम उच्च शिक्षण संस्थानों में नवाचार व उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० रविन्द्र कुमार के निर्देशन में इंस्टिट्यूट ऑफ इनोवेशन काउंसिल (आई०आई० सी०) की स्थापना की गई । दिनांक 02.09.2021 को महाविद्यालय में नवोन्मेष प्रकोष्ठ की बैठक आई०आई० सी० 0.3 के अंतिम क्वार्टर की गतिविधियों के चयन हेतु आहूत की गई, जिसमें चतुर्थ क्वाटर में आयोजित होने वाली गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया । दिनांक 21.09.2021 सितंबर 2021 को "इलेक्टिव एक्टिविटी एक्सपोज़र एंड फील्ड विजिट फॉर प्रॉब्लम आईडेंटिफिकेशन" के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सेक्टर 3 माधवपुरम मेरठ के स्थानीय क्षेत्र का भ्रमण कर समस्याओं को चिन्हित किया । दिनांक 22.09.2021 को नई शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में "नवाचार व उद्यमिता की संभावनाएं" शीर्षक पर ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान, दिनांक 29.09.2021 को आई०आई० सी० के तत्वाधान में "सफल उद्यमी द्वारा प्रेरणादायक सेशन" कार्यक्रम, दिनांक 30.09.2021 को वर्तमान मे छात्राओं को स्वरोजगार, नवोन्मेष के प्रति अभिप्रेरित करने हेतु कॉलेज की पूर्व छात्र कु० सुजाता का व्याख्यान कराया गया । 26 दिनांक 26.10.2021 को आई०आई० सी०-4.0 के क्वार्टर 01 और 02 के एजेंडा पर विचार-विमर्श हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह की अध्यक्षता में आई०आई० सी० के सदस्यों की एक मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को नवप्रवर्तन परिषद में सम्मिलित करने व उनके विचारों को साकार रूप देने से लेकर उन्हें गाइड करने तथा फंडिंग तक की मदद करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई ।

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

महाविद्यालय में दिनांक 01.09.2021 से दिनांक 07.09.2021 तक सप्त दिवसीय राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण व डॉ० गौरी एवं डॉ० कुमकुम के निर्देशन में किया गया, जिसके तहत "स्वास्थ्य एवं संतुलित आहार" विषय पर लगातार पोषण से संबंधित गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गयी । समापन समारोह में बालिकाओं द्वारा पोषण वाटिका बनाई गई । पोषण वाटिका में छात्राओं ने बैंगन, टमाटर, हरी मिर्च, गोभी, आदि के पौधे लगाए । छात्राओं ने पोषण से संबंधित एक नुक्कड़ नाटक एवं सुंदर नृत्य के माध्यम से बताया कि स्वस्थ एवं सुंदर रहने के लिए हमें संतुलित आहार की आवश्यकता है ।



*भविष्य में रचनात्मकता सफलता की कुंजी है और प्राथमिक शिक्षा वह है जहां शिक्षक उच्च स्तर पर बच्चों में रचनात्मकता ला सकता है । -डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम*

## दो दिवसीय कला प्रदर्शनी : रंग-तरंग का आयोजन



दिनांक 20.12.2021-21.12.2021 को प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० रविन्द्र कुमार के निर्देशन में चित्रकला विभाग के स्नातकोत्तर कक्षा की छात्राओ द्वारा दो दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी "रंग-तरंग" का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ० सुमन (एसोसिएट प्रोफेसर-समाजशास्त्र) आर०जी०पी०जी० कॉलिज मेरठ, एवं दूसरे दिन समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ० उषा किरण (पूर्व विभागाध्यक्ष-चित्रकला विभाग) मेरठ कॉलेज, मेरठ रहीं । प्रदर्शनी में छात्राओ द्वारा बनाऐ गए 45 मौलिक चित्रों को प्रदर्शित किया गया । डॉ० सुधा रानी सिंह, डॉ० ममता सागर, डॉ० स्वर्ण लता कर्दम, डॉ० अनिता गोस्वामी, डॉ० शालिनी सिंह, डॉ० मंजु रानी, डॉ० भावना सिंह, श्री बरखंडी प्रसाद, कृष्ण पाल, मनोज, आयशा, मुकेश कुमार का सहयोग रहा ।

## संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस

दिनांक 25.10.2021 को संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के उपलक्ष्य में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र संघ से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ० अनुजा गर्ग ने छात्राओं को संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना, इतिहास एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया। सभी आयोजनों में डॉ० आर० सी० सिंह एवं डॉ० मुनेश कुमार का सहयोग रहा ।



## एंटी रैगिंग

महाविध्यालय द्वारा सत्र दिनांक 2020.2021 में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० ममता सागर के निर्देशन में एंटी रैगिंग समिति का गठन किया गया । एंटी रैगिंग समिति द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को एंटी रैगिंग की शपथ दिलवाई गई । कैंपस को एंटी-रैगिंग मुक्त बनाने के लिए महाविद्यालय छात्राओं का ऑनलाइन अभिविन्यास किया गया, जिसमें उन्हें रैगिंग की रोकथाम और निषेध के दिशा निर्देश से अवगत कराया गया ।

## अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस



दिनांक 10.12.2021 को मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मानवाधिकार दिवस मनाया गया, जिसके अन्तर्गत विभिन्न आयोजन किय गये । सर्वप्रथम शपथ ग्रहण समारोह के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने छात्राओं प्राध्यापकों और कर्मचारियों को मानवाधिकार संरक्षण की शपथ दिलाई । साथ ही समाज शास्त्र विभाग द्वारा 'महिला सशक्तिकरण में मानवाधिकारों की भूमिका' विषय पर एक निबन्ध प्रतियोगिता एवं राजनीति विज्ञान विभाग में "महिला अधिकार जागरूकता एवं सशक्तिकरण" विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।



## प्रसार व्याख्यान माला

महाविद्यालय की छात्राओं को परम्परागत विषयों के अतिरिक्त अन्य समसामयिक राष्ट्रीय एवं वैश्विक विषयों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सत्र 2020-21 में, शोध एवं प्रसार व्याख्यान माला समिति का गठन किया गया, जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० के संरक्षण एवं संयोजिका डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में महाविद्यालय में विषय विशेषज्ञों द्वारा ज्वलन्त विषयों से सम्बन्धित व्याख्यान प्रस्तुत किये गये । दिनांक 28.08.2021 को एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ० ऋचा लोचाब मेडिकल ऑफिसर मुरादाबाद रहीं । दिनांक 20.11.2021 को एक दिवसीय वेबीनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय "उच्च शिक्षा में नई शिक्षा नीति, 2020 का परिचय एवं प्रभावी क्रियान्वयन" रहा, जिसमें मुख्य वक्ता प्रो० वीर पाल सिंह, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से उपस्थित रहे ।






**ज्ञान ही शक्ति है, सूचना मुक्ति है, शिक्षा हर समाज में, हर परिवार में प्रगति का आधार है । -कोफी अन्नान**

## हिन्दी पखवाड़ा



सितंबर माह में हिंदी भाषा के उत्थान और संवर्धन हेतु हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० सुधा रानी सिंह के नेतृत्व मे हिंदी विभाग द्वारा छात्राओं के बौद्धिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए पहेली बूझो प्रतियोगिता, रचनात्मकता विकसित करने एवं हिंदी को बढ़ावा देने हेतु सुलेख प्रतियोगिता, कलात्मकता विकसित करने एवं हिंदी के संवर्धन हेतु भक्ति एवं आधुनिक काल के कवियों पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता, हिंदी भाषा के ज्ञान को परखने एवं उनमें भाषा ज्ञान विकसित करने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, बौद्धिक विकास एवं हिंदी के प्रचार–प्रसार हेतु स्लोगन प्रतियोगिता एवं छात्राओं में रचनात्मकता विकसित करने के उद्देश्य से काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । समस्त आयोजनों में डॉ० स्वर्णलता कदम व डॉ० नीता सक्सेना का विशेष सहयोग रहा ।

## व्यवसायिक कौशल दक्षता कार्यक्रम



शिक्षा बालक का सर्वांगीण विकास करती है, इसी उद्देश्य के दृष्टिगत बी० एड० छात्राओं के पाठ्य संबंधी ज्ञान के साथ-साथ व्यावसायिक कौशलों में दक्षता हेतु विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया । बी० एड० विभाग प्रभारी डॉ० अमर ज्योति के निर्देशन में बी० एड० द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा सामुदायिक कार्यों के अंतर्गत दिनांक 27.10.2021 को छात्राओं द्वारा पौधारोपण व महाविद्यालय सौंदर्यीकरण किया गया । इसके अतिरिक्त छात्राओं को सामुदायिक कार्य के अंतर्गत प्रौढ़ शिक्षा तथा "ईच वन टीच वन" पर कार्य करने के निर्देश भी दिए गए । बी० एड० विभाग में तीन दिवसीय 29.10.2021 से 1.11.2021 तक आई०सी०टी० कार्यशाला का आयोजन, डॉ० भावना सिंह के निर्देशन में किया गया । दिनांक 25.11.2021 से दिनांक 27.11.2021 में बी० एड० द्वितीय वर्ष की छात्राओं हेतु बेसिक गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में डी० ओ०सी० मेरठ श्रीमती पूनम चौधरी ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया तथा प्रशिक्षण की प्रभारी डॉ० मंजू रानी रही । बी० एड० प्रथम वर्ष की छात्राओं हेतु कला एवं सौंदर्य विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 29.11.2021 से दिनांक 01.12.2021 तक डॉ० शालिनी सिंह के निर्देशन में किया गया। बी० एड० प्रथम वर्ष की छात्राओं हेतु भाषा दक्षता की कार्यशाला दिनांक 13.12.2021 तथा 14.12.2021 को डॉ० पारुल मलिक के निर्देशन में संपन्न कराई गई । बी० एड० विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० भावना सिंह तथा डॉ० शालिनी सिंह के निर्देशन में "भारत के सेनानी" विषय पर दिनांक 08.12.2021 को एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

## शैक्षिक भ्रमण



दिनांक 03.09.2021 को डॉ० राजीव कुमार, डॉ० ज्योति चौधरी एवं डॉ० डेज़ी वर्मा के नेतृत्व में M.Sc. भौतिक विज्ञान की छात्राओं को शोध दृष्टिकोण के उद्देश्य से एम० ओ० यू० के अंतर्गत चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, परिसर के भौतिक विज्ञान शोध प्रयोगशाला का भ्रमण कराया गया, जिसमें छात्राओ को SEM, स्पाटरिंग, सिंगल क्रिस्टल ग्रोथ आदि तकनीकी के बारे में अवगत कराया गया । दिनांक 11.12.2021 को डॉ० पारुल मलिक तथा डॉ० अमर ज्योति के निर्देशन में बी० एड० द्वितीय वर्ष की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण दिल्ली में कराया गया । छात्राओं ने नेशनल साइंस म्यूजियम, क्राफ्ट म्यूजियम, दिल्ली हाट एवं इंडिया गेट का भ्रमण किया । विभागीय प्राध्यापक डॉ० दीपा गुप्ता तथा डॉ० आशीष पाठक उपस्थित रहे।



## शिक्षक दिवस समारोह




बी० एड० विभाग की ओर से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य व विभागीय परिषद की संयोजक डॉ० मंजू रानी (अर्थशास्त्र) द्वारा बी० एड० विभागीय परिषद के पदाधिकारी छात्राओं को बैज लगाकर व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, साथ ही बी० एड० विभागीय परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया । इस अवसर पर छात्राओं द्वारा कई रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए ।

**शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।–नेल्सन मंडेला**

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस



दिनांक 11.11.2021 को मौलाना अबुल कलाम आजाद जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के द्वारा मौलाना अबुल कलाम आजाद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किये गये । इस अवसर पर बी० एड० विभाग के द्वारा "मौलाना अबुल कलाम आजाद के शैक्षिक विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता" विषय पर एक महाविद्यालय स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन बी० एड० विभाग की प्रभारी डॉ० अमर ज्योति के द्वारा किया गया ।

## विश्व एड्स दिवस

दिनांक 01.12.2021 को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण में महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर छात्राओं को एड्स से संबंधित जानकारी एवम् बचाव के बारे में बताया गया जिसका संचालन डॉ० कुमकुम जंतु विज्ञान विभाग एवं डॉ० गौरी गृहविज्ञान विभाग द्वारा किया गया । इस अवसर पर छात्राओं द्वारा प्रांगण में एड्स वाले टैग लगाकर एड्स जागरूकता का संदेश सभी को दिया ।





## डॉल डेकोरेशन एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन



दिनांक 23.12.2021 को गृह विज्ञान विभाग में डॉ० गौरी के निर्देशन में "डॉल ड्रेस डिजाइनिंग एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग की छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं प्रदर्शनी के लिए बहुत ही सुंदर ड्रेस डिज़ाइनिंग कर डॉल डेकोरेशन किया एवं क्रॉफ्ट की सुंदर सजावटी चीजें बनाई । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने छात्राओं की सुंदर क्रिएटिविटी को देखकर सभी को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।

## शिक्षक अभिभावक संघ समिति

महाविद्यालय में सत्र 2021-22 में शिक्षक एवं अभिभावकों में समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से शिक्षक -अभिभावक संघ समिति का गठन किया गया । जिसके अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण तथा डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में दिनांक 29.11.2021 को शिक्षक -अभिभावक संघ सम्मेलन का आयोजन ऑनलाइन गूगल मीट पर किया गया । मीटिंग में महाविद्यालय के सभी संकायों कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी०एड० की छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया तथा महाविद्यालय से जुड़े विभिन्न पक्षों को मंच से साझा किया । छात्राओं और उनके अभिभावकों ने महाविद्यालय के पुस्तकालय, वाचनालय, शौचालय, कक्षा-कक्ष, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया, अनुशासन, साइकिल स्टैंड, पार्किंग सुविधा, एंटी रैगिंग, साफ सफाई, हरियाली, खेलकूद आदि की व्यवस्था पर ना सिर्फ अपने पक्ष रखें बल्कि प्रशंसा करते हुए कुछ सुझाव भी दिए । प्राचार्य महोदया ने महाविद्यालय के वातावरण, छात्राओं तथा उनके अभिभावकों की सक्रियता की प्रशंसा की तथा अभिभावकों एवं छात्राओं की समस्याओं को सुनते हुए उनके द्वारा दिए गए सुझाव पर अमल करने का आश्वासन दिया ।



## पुरातन छात्रा सम्मेलन

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण तथा डॉ० सुधा रानी सिंह के नेतृत्व में दिनांक 27.07.2021 को पुरातन छात्रा सम्मेलन का आयोजन ऑनलाइन गूगल मीट पर किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकायों कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं बी०एड० संकाय की ऐसी पुरातन छात्राओं ने प्रतिभाग किया जो वर्तमान में सार्वजानिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में विभिन्न पदों को सुशोभित कर रही हैं । छात्राओं ने महाविद्यालय से जुड़ी यादों को साझा किया, साथ ही महाविद्यलय को अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देने हेतु भी इच्छा प्रकट की ।

**एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमें अज्ञानता और गरीबी से युद्ध लड़ने की क्षमता प्रदान करती है। -चार्ल्स बी० रंगेल**

## प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने किया पदभार ग्रहण



दिनांक 17.07.2021 को महाविद्यालय में प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण किया। राजकीय महाविद्यालय में इनकी प्रथम नियुक्ति राजकीय पी० जी० कॉलेज, ऋषिकेश में हुई थी। इससे पहले डॉ० अंजू सिंह, वर्तमान महाविद्यालय में 2005 से 2017 तक रसायन विज्ञान के शिक्षक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। महाविद्यालय परिवार ने प्रचार्य का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं, साथ ही महाविद्यालय के शिक्षा, शिक्षण एवं शोध सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## 'तनाव मुक्त कक्षा' विषय पर व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 07.08.2021 को प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं योग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शिक्षकों हेतु तनाव मुक्त कक्षा विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में अनुराग अरोड़ा एवं मीनाक्षी देवी ने शिक्षकों को अध्यापन को प्रभावी एवं तनाव मुक्त बनाने हेतु योग सूत्रों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन योग प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ० जितेन्द्र कमार, डॉ० भारती शर्मा एवं डॉ० पूनम भण्डारी द्वारा किया गया।

## फिटनेस सेंटर जिम का उद्घाटन

दिनांक 28.08.2021 को प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह ने महाविद्यालय में नव निर्मित फिटनेस सेंटर जिम का उद्घाटन किया। जिम रुसा द्वारा अनुदानित राशि से बनाया गया है, जिसमें आधुनिक एवं बेहतर उपकरणों एवं मशीनों का प्रयोग किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि छात्राएं नियमित रूप से जिम में एक्सरसाइज कर शारीरिक रूप से अपने आप को फिट रखने का संकल्प लें।



## नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 10.08.2021 को प्राचार्य डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण में आई०क्यू०ए०सी० एवं यू०जी०सी० समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ० दिनेश शर्मा, एसो० प्राफेसर जन्तु विज्ञान राजकीय महाविद्यालय बादलपुर ने नई शिक्षा नीति से जुड़े विभिन्न आयामों पाठ्यक्रमों में प्रवेश, क्रेडिट सिस्टम, आंतरिक मूल्यांकन पद्धति एवं अन्य सम्बन्धी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

## अंतर महाविद्यालय कबड्डी महिला प्रतियोगिता का आयोजन



दिनांक 24.12.2021 को वर्ष 2021-22 की अंतर महाविद्यालय कबड्डी महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल महाविद्यालय की 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर एस० आर० एम० कॉलेज मुजफ्फरनगर, दूसरे स्थान पर जे० वी० कॉलेज, बडौत एवं तीसरे स्थान पर मेरठ कॉलेज, मेरठ की टीम रही। महाविद्यालय की बी०ए० प्रथम वर्ष की छात्रा कु० तनु रानी का चयन अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी महिला प्रतियोगिता के लिए हुआ। कार्यक्रम का आयोजन में डॉ० जितेन्द्र कुमार बालियान, डॉ० भारती शर्मा एवं डॉ० पूनम भण्डारी के निर्देशन में हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी।

उच्चतम शिक्षा वह है जो हमें केवल जानकारी नहीं देती बल्कि हमारे जीवन को सभी अस्तित्व के साथ सामंजस्य बिठाती है। -रविन्द्र नाथ टैगोर

# आगामी गतिविधियां

## जनवरी

- स्वामी विवेकानंद जयंती
- युवा सप्ताह
- थल सेना दिवस
- मतदाता जागरूकता दिवस
- गणतंत्र दिवस
- रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर
- शहीद दिवस
- कुष्ठ निवारण दिवस
- अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार" "Amalgamation of Hellenistic and Indian Elements"

## फरवरी

- चौरी-चौरा समापन समारोह
- राष्ट्रीय सेवा योजना सप्तदिवसीय शिविर
- एकदिवसीय व्याख्यान
- आई० क्यू० ए० सी० तृतीय बैठक
- वार्षिक क्रीड़ा समारोह
- संत रविदास जयंती
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

## मार्च

- शिक्षक अभिभावक सम्मेलन
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
- विश्व जल दिवस
- वार्षिकोत्सव
- शैक्षिक भ्रमण
- दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार महाकाव्य एवं पुराण : "संन्यास के विशेष सन्दर्भ में"
- दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार "भारत में कार्यस्थल पर लैंगिक भेदभाव"

## अप्रैल

- आंतरिक परीक्षा : स्नातक व स्नातकोत्तर
- दस दिवसीय कार्यशाला : सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट
- संकल्प सामुदायिक सेवा का : "छाछ पर चर्चा"
- विश्व स्वास्थ्य दिवस
- अम्बेडकर जयंती
- पन्द्रह दिवसीय योग कार्यशाला
- विश्व अर्थ दिवस
- अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस

## मई

- मजदूर दिवस
- महाराणा प्रताप जयंती
- क्रान्ति दिवस
- परशुराम जयन्ती
- द्विवितीय आंतरिक परीक्षा: स्नातक व स्नातकोत्तर
- शिक्षक अभिभावक बैठक

## जून

- आई० क्यू० ए० सी० चतुर्थ बैठक

**शिक्षा ना केवल अवसर की एक पीढ़ी है बल्कि यह हमारे भविष्य में एक निवेश भी है । -ऐड मार्के**

# @ महाविद्यालय सुर्खियाँ......

